बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-311
09/05/2026

नगर परिषद् सुल्तानगंज के सभापति राजकुमार गुड्डू की असामयिक मौत पर मुख्यमंत्री ने व्यक्त की गहरी शोक संवेदना

पटना, 09 मई 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने नगर परिषद् सुल्तानगंज के सभापति राजकुमार गुड्डू की असामयिक मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि उनकी मृत्यु का समाचार अत्यंत ही दुःखद है और इससे मैं मर्माहत हूं। 28 अप्रैल को हुई घटना में घायल होने के पश्चात् गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान आज उनकी मौत हो गई।

मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया है कि इस मामले में स्पीडी ट्रायल के माध्यम से दोषी व्यक्तियों को शीघ्र कठोर सजा दिलवायें, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजकुमार गुड्डू काफी मिलनसार और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। वे अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय थे और लोगों के लिये हमेशा उपलब्ध रहते थे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******